पंजाब केसरी 07/10/2025

# डिजिटल युग में कौशल से ही बनती है आत्मनिर्भर सफलता : डॉ. रोहित दत्त



*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम के तीसरे सत्र में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)*

अम्बाला, 6 अक्तूबर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, करनाल के सहयोग से चल रहे सात दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का तीसरा सत्र सोमवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग में रोजगार और उद्यमिता के नए अवसरों से जोड़ना है।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि डिजिटल युग में कौशल से ही आत्मनिर्भर सफलता बनती है। आज का समय डिजिटल क्रांति का है। ऐसे में डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे क्षेत्रों में कौशल प्राप्त करना न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाता है, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाता है। गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज सदैव विद्यार्थियों को समय के अनुरूप कौशल प्रदान करने के लिए तत्पर रहा है।

आज के सत्र में कॉलेज की टी.पी.ओ. प्रो. कमलप्रीत कौर ने विद्यार्थियों को फ्रीलांसर अकाऊंट खोलने, यूट्यूब चैनल बनाने और उसका संचालन करने की प्रक्रिया के बारे में विशेष जानकारी दी। उन्होंने इस क्षेत्र से जुड़े व्यावहारिक अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आत्मनिर्भर बनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी डॉ. दिशा अरोड़ा ने निभाई, जबकि कार्यक्रम का संचालन एवं प्रबंधन डॉ. शुभम और महिमा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।